जबलपुर | शनिवार | 22 नवंबर 2025 | वर्ष 76 | अंक 288 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण


5 बीएसएफ का एक ही लक्ष्य भारत की सुरक्षा


6 जुगाड़ बार-बार, नीतीश बने सीएम 10वीं बार


7 रियल एस्टेट से रिटेल को नई रफ्तार


8 रायन विलियम्स अब भारत के लिए खेलेंगे

## एक नजर में



### मेक्सिको की फातिमा बोश बनीं मिस यूनिवर्स

मैक्सिको सिटी. मिस यूनिवर्स 2025 का ताज फातिमा बॉस के सिर सज गया. मिस यूनिवर्स 2025 का खिताब जीतने वाली फातिमा ने अपने जवाब से सभी जजेस को इंप्रेस कर दिया था. इस प्रतियोगिता में भारत की तरफ से मनिका विश्वकर्मा ने हिस्सा लिया था, लेकिन वो टॉप 12 में अपनी जगह नहीं बना पाई. मनिका स्विमसूट राउंड के बाद बाहर हो गई, जबकि उनकी खूबसूरती और इंटेलिजेंस के खूब चर्चे हो रहे थे. मिस यूनिवर्स 2025 फातिमा के इस सफर ने साबित कर दिया कि सच्ची मेहनत और आत्मविश्वास किसी भी तरह के अपमान या आलोचना को मात दे सकता है.

### सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट ने आज एसआईआर के खिलाफ दायर केरल सरकार की याचिका पर चुनाव आयोग (ईसी) से जवाब मांगा है. याचिकाओं में केरल में एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी गई है. जस्टस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई 26 नवंबर तय की है. केरल में दिसंबर के दूसरे सप्ताह में स्थानीय निकाय चुनाव होने वाले हैं. इसलिए राज्य सरकार ने वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को स्थगित करने की मांग वाली याचिका दायर की थी. याचिका में केरल सरकार ने कहा था कि कर्मचारियों की कमी के कारण चुनाव के साथ एसआईआर करवाने से दिक्कतें बढ़ रही हैं.

# मशहूर कारोबारी पर छापा

35 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप | 10 रुपए के शेयर को 13 हजार में बेचा | 35.75 करोड़ रुपये फर्जी तरीके से हड़पने का आरोप

**भोपाल, 21 नवंबर. मशहूर कारोबारी दिलीप गुप्ता के ठिकानों पर आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने छापा मारा. कारोबारी दिलीप गुप्ता और उनकी कंपनियों के खिलाफ निवेशकों से फर्जी तरीके से 35.75 करोड़ रुपये हड़पने का आरोप है. आरोपी ने 10 वाले शेयरों का मूल्य कागजों में बढ़ाकर 12,972 दिखाया.**



दरअसल, शिकायतकर्ता विनीत जैन निवासी भोपाल ने ईओडब्ल्यू को शिकायत दी कि आरोपी दिलीप कुमार गुप्ता ने डीजी मिनिरल्स प्राइवेट लिमिटेड और श्री मां सीमेंटटेक प्राइवेट लिमिटेड में निवेश के नाम पर उनसे करोड़ों रुपये लिए. आरोपी ने उन्हें माइनिंग व्यवसाय में भारी मुनाफा और कंपनी में डायरेक्टर बनाने का विश्वास दिलाया. निवेश की राशि वापस करने के लिए आरोपी ने बंद खाते और ब्लॉक खाते से फर्जी चेक जारी किए, जो बाउंस हो गए. शिकायत में यह भी बताया गया कि आरोपी ने परिवार की संपत्ति गिरवी रखवाकर लिए गए लोन की पूरी राशि भी स्वयं ले ली और उसकी ईएमआई भी नहीं भरी. प्रारंभिक जांच में पाया गया कि वर्ष 2017-18 के बीच शिकायतकर्ता ने 6.89 करोड़ आरोपी के खाते में ट्रांसफर किए थे.

## झारखंड और पश्चिम बंगाल में कोयला माफिया पर ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली, 21 नवंबर. ईडी ने शुक्रवार को झारखंड और पश्चिम बंगाल में कोयला माफिया के खिलाफ कार्रवाई की. ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत 40 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। झारखंड में करीब 18 जगहों पर कोयला चोरी और तस्करी से जुड़े मामले में तलाशी ली जा रही है, जिनमें अनिल गोयल, संजय उद्योग, एलबी सिंह और अमर मंडल से जुड़े ठिकाने शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, इस रैकेट के जरिए भारी मात्रा में कोयले की चोरी हुई, जिससे सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचा। वहीं, पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, पुरुलिया, हावड़ा और कोलकाता के लगभग 24 ठिकानों पर अवैध खनन, परिवहन और कोयले के भंडारण से जुड़े मामलों में छापेमारी जारी है। वहीं, ईडी ने 2.22 करोड़ लोन फर्जीवाड़ा में केरल के पूर्व विधायक अनवर के ठिकानों पर छापा और उनके सहयोगियों से जुड़े कई स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चला रही है.

### दिलीप गुप्ता पर एफआईआर दर्ज

ईओडब्ल्यू ने प्रारंभिक जांच के आधार पर आरोपी दिलीप गुप्ता के खिलाफ धारा 120बी (साजिश), 420 (धोखाधड़ी), 467/468 (फर्जी दस्तावेज) और 471 (फर्जी दस्तावेज का उपयोग) के तहत एफआईआर दर्ज की है.

# जमीन पर गिरा तेजस विमान

- दुबई एयर शो के दौरान हुआ हादसा
- हादसे में एक पायलट की मौत



**अबू धाबी, 21 नवंबर. दुबई एयर शो के दौरान ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी. भारत का स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान एलसीए तेजस अपनी डेमोंस्ट्रेशन फ्लाइट के दौरान अचानक क्रैश हो गया. यह घटना स्थानीय समय के अनुसार दोपहर के 2:10 बजे हुई, जब हजारों दर्शक विमान के करतब देख रहे थे.**

विमान हवा में शानदार मोड़ ले रहा था, तभी अचानक उसने नियंत्रण खो दिया. कुछ ही सेकंड में तेजस नीचे झुकता दिखा और सीधा जमीन की ओर बढ़ गया. उसके टकराते ही जोरदार धमाका हुआ और अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ऊपर काले धुएं का गुबार उठ गया.

दुबई एयर शो दुनिया के प्रमुख एविएशन आयोजनों में से एक है, जहां दुनियाभर की एयरलाइंस और सैन्य उत्पादक अपनी तकनीक दिखाते हैं. इस हादसे से एयर शो की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठे हैं. आयोजन स्थल पर आपातकालीन दल तुरंत सक्रिय हुआ और विमानन अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है. भारतीय वायुसेना ने कहा है कि वह इस अपूरणीय क्षति पर गहरा शोक व्यक्त करती है और इस कठिन समय में पायलट के परिवार के साथ खड़ी है. वायुसेना ने हादसे के कारणों की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन करने का फैसला लिया है.

### सीडीएस और तीनों सेनाओं ने संवेदना जताई

हेडक्वार्टर्स इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और भारतीय सशस्त्र बलों के सभी रैंक दुबई एयर शो में आज हुए उस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हैं, जिसमें भारतीय वायुसेना का तेजस विमान हवाई प्रदर्शन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया.

# कश्मीर के अस्पतालों से हथियार बरामद

**दिल्ली बम ब्लास्ट मामले में एक और खुलासा**

**डॉक्टरों के लॉकरों से भी मिले हथियार**



**नई दिल्ली, 21 नवंबर. दिल्ली के लाल किला विस्फोट में शामिल जैश का मॉड्यूल कश्मीर के अस्पतालों को बड़े हथियार भंडारण केंद्रों में बदलने की योजना बना रहा था. ठीक उसी तरह जैसे गाजा के अस्पतालों में हमास हथियार जमा करता है. एनआईए की जांच के दौरान यह बड़ा खुलासा हुआ है.**

एनआईए सूत्रों के अनुसार, हमास और जैश कैडरों के बीच बढ़ती नजदीकियों के बारे में जानकारी मिलने के बाद, इस बात की संभावना काफी बढ़ गई है कि इस जैश मॉड्यूल को हमास से तकनीकी सहायता भी मिल रही थी. इसके बाद, जांच एजेंसी को अहम जानकारी मिली. यह अहम खुलासा लाल किला विस्फोट मामले में एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए गए डॉ. अदील राठर से पूछताछ के दौरान भी हुआ.

जैश का डॉक्टर आतंकी मॉड्यूल अनंतनाग, श्रीनगर, बारामूला और नौगाम के अस्पतालों को ऐसे घातक हथियारों के भंडारण केंद्र बनाने की साजिश रच रहा था. यह जानकारी मिलते ही पुलिस ने कश्मीर के अस्पतालों में बड़े पैमाने पर छापेमारी की, जहां आरोपी डॉक्टरों के लॉकरों से हथियार बरामद किए गए. गुजरात एटीएस ने पिछले दिनों तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था. इसी मामले में हैदराबाद से एक डॉक्टर की भी गिरफ्तारी हुई थी.

## उदयनिधि स्टालिन ने संस्कृत को बताया मृत भाषा

**चेन्नई, 21 नवंबर.** तमिलनाडु के उप मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने एक और विवाद खड़ा कर दिया है. शुक्रवार को स्टालिन ने केंद्र सरकार की भाषाओं के विकास को लेकर की जा रही फंडिंग पर सवाल उठाया और संस्कृत को एक मृत भाषा करार दिया. इस विवादित बयान पर भाजपा ने प्रतिक्रिया देते हुए संस्कृति और आस्था का अपमान बताया. दरअसल, डीएमके नेता उदयनिधि एक पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे, जहां उन्होंने तमिल भाषा के विकास के लिए सिर्फ 150 करोड़ रुपये देने पर केंद्र सरकार की आलोचना की. उन्होंने कहा कि इसके उलट संस्कृत जो एक मृत भाषा है, उसे 2,400 करोड़ रुपये मिल रहे हैं. इस दौरान उदयनिधि ने प्रधानमंत्री पर तमिल की उपेक्षा करने और संस्कृत को बढ़ावा देने का आरोप लगाया. भाजपा ने जताई नाराजगीर उदयनिधि के शब्दों पर नाराजगी जताते हुए भाजपा नेता तमिलिसाई सुंदरराजन ने कहा कि कोई भी किसी भी भाषा को मरा हुआ कहने का हक नहीं रखता. खासकर ऐसी भाषा को जो आज भी पूरे देश में पूजा-पाठ और रीति-रिवाजों में इस्तेमाल होती है.

# उद्योगों के लिये पसंदीदा राज्य एमपी

## फेड एक्सपो -2025 को संबोधित करते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 21 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मप्र उद्योगों के लिए तेजी से उभरता हुआ पसंदीदा राज्य बन रहा है. फेड एक्सपो जैसे आयोजन स्थानीय उद्योगों और स्टार्ट-अप्स को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच से जोड़ने में बड़ी अहम भूमिका निभाते हैं.**



उन्होंने कहा कि ऐसे एक्स्पो उद्योग-धंधों, नवाचार और एमएसएमई सेक्टर के विकास के लिए एक बड़ा मंच साबित होते हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को गोविन्दपुरा में आयोजित फेड एक्सपो-2025 समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने, एमएसएमई सेक्टर को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराने और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार के नए अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोविन्दपुरा इंडस्ट्रियल एरिया के एग्जिबिशन हॉल में फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फेड एक्सपो-2025 का दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवत् शुभारंभ किया.

### निवेशकों को 5 हजार एकड़ जमीन दी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए उद्योगपतियों और निवेशकों को 5000 एकड़ जमीन दी गई है. यह एक प्रकार से पांच हजार उद्योगपतियों को मप्र आने का निमंत्रण है. हम उद्योगपतियों से किए सभी वादों को प्रतिबद्धता के साथ पूर्ण कर रहे हैं.

## सेवानिवृत्त कर्नल से 56 लाख रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी

**बेंगलुरु, 21 नवंबर.** बेंगलुरु में 83 वर्षीय सेवानिवृत्त सैन्य कर्नल ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार बन गए. ठगों ने खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताकर उन्हें गिरफ्तारी की धमकी दी और उनके बैंक खातों से 56.05 लाख रुपये निकाल लिए. अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय सीईएन अपराध पुलिस थाने में 18 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गई. प्राथमिकी के अनुसार, पीड़ित को 27 अक्टूबर को एक व्यक्ति ने कॉल किया और खुद को मुंबई पुलिस निरीक्षक संजय पिशे बताकर कहा कि शिकायतकर्ता के नाम पर जारी एक सिम कार्ड का गलत इस्तेमाल हुआ है.

**विभागों की कमान सौंपी** | बिहार में 18 मंत्रियों के विभागों का बंटवारा, बीजेपी के सम्राट चौधरी को जिम्मेदारी

# नीतीश ने 20 साल बाद गृह मंत्रालय छोड़ा

**नई दिल्ली, 21 नवंबर. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण के एक दिन बाद शुक्रवार को बिहार सरकार में विभागों का बंटवारा कर दिया गया. नई कैबिनेट में सबसे अहम गृह विभाग डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को सौंपा गया है. बीजेपी कोटे से आने वाले सम्राट चौधरी अब नीतीश सरकार में कानून-व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा की कमान संभालेंगे.**



20 साल में यह पहली बार है जब नीतीश कुमार ने गृह विभाग अपने पास नहीं रखा है. इसके अलावा बीजेपी कोटे से मंत्री बने वरिष्ठ नेता रामकृपाल यादव को कृषि विभाग मिला है, जिसे सरकार के प्रमुख मंत्रालयों में से एक माना जाता है. बता दें कि गुरुवार को नीतीश कैबिनेट में कुल 26 मंत्रियों ने शपथ ली थी, लेकिन फिलहाल 18 मंत्रियों को ही विभागों का आवंटन किया गया है. शेष मंत्रियों के विभागों का तय होना अभी बाकी है, जिसे लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है.

### किस मंत्री को मिला कौन-सा विभाग

- डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा को भूमि एवं राजस्व विभाग के अलावा खान एवं भूत तत्व विभाग मिला
- मंगल पांडे को स्वास्थ्य और विधि विभाग मिला
- दिलीप जायसवाल उद्योग मंत्री बनाए गए
- नितिन नवीन को पत्र निर्माण विभाग के साथ-साथ नगर विकास एवं आवास विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई

आपकी पूँजी, आपका अधिकार!

भारत सरकार की पहल



हर LIC पॉलिसी करती है - देखभाल, सुरक्षा और एक बेहतर भविष्य का वादा. क्योंकि कभी-कभी, जीवन बदलता है, फिर चाहे वह नया घर हो, नया शहर हो या फिर नई शुरुआत हो. आप चाहे जहाँ जाएँ, आपकी मेहनत की कमाई हमेशा आपके पास ही होनी चाहिए.

अपनी दावारहित राशि पर दावा करें 3 चरणों में:

- विज़िट करें www.licindia.in
- पॉलिसीधारकों की दावारहित राशि पर क्लिक करें
- विवरण एंटर करें

या क्यूआर कोड स्कैन करें

LIC/R1/2025-26/25/Hin

LIC मोबाइल ऐप डाउनलोड करें LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

अधिक जानकारी के लिए, अपने बीमा एजेन्ट/अपनी निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें/www.licindia.in पर जाएं

ज़िन्दगी के साथ भी, ज़िन्दगी के बाद भी.

हमें यहाँ फ़ॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें.